राजस्थान सरकार

कार्यालय भू–प्रबन्ध आयुक्त राजस्थान, जयपुर

विमान भवन, गोपालबाड़ी, जयपुर–302001 दूरभाष नं. 0141–2373904 ईमेल–scr-rj@nic.in

क्रमांक / फा / संस्था / 1 / 1 / 12 / भूप्रआ / 2022 / 12031–12042 दिनांकः– 03/08/2022

श्री बलवीर सिंह मीना पुत्र श्री कन्हैया लाल मीना,
गांव–नरवालान, पोस्ट–दौलतपुरा, तह0–खण्डार,
जिला–सवाईमाधोपुर, पिन कोड–322201

विषयः– पटवार भर्ती परीक्षा–2021 में चयनित अभ्यर्थियों के कार्यग्रहण करने बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा राजस्थान लैण्ड रेवेन्यु (लैण्ड रिकॉर्ड्स) रूल्स 1957 एवं राजस्थान राजस्व (भू–अभिलेख, भू–प्रबन्ध एवं उप निवेशन) अधीनस्थ सेवा नियम 2019 के अनुसरण में आयोजित सीधी भर्ती पटवारी प्रतियोगी परीक्षा, 2021 में से नॉन टीएसपी संवर्ग क रोल नम्बर 3313724 पर श्री बलवीर मीना को अंतिम रूप से चयन किया जाकर भू–प्रबन्ध विभाग आवंटित किये जाने पर दस्तावेज सत्यापन के दौरान दस्तावेज सत्यापन हेतु गठित कमेटी द्वारा श्री बलवीर सिंह मीना पुत्र श्री कन्हैया लाल मीना रोल नम्बर 3313724 के विरुद्ध वर्ष 2013 में फौजदारी प्रकरण 93 / 2013 एफआईआर नम्बर 45 / 2013, में माननीय न्यायालय खण्डार द्वारा पारित निर्णय दिनांक 14.09.2017 के विरुद्ध राज्य पक्ष की ओर से अपील / नोअपील कि वर्तमान स्थिति की जानकारी के सम्बन्ध में प्रकरण को जांच स्तर पर रखा गया था।

जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर के पत्र दिनांक 22.07.2022 द्वारा फौजदारी प्रकरण 93 / 2013 एफआईआर नम्बर 45 / 2013 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 14.09.2017 के विरुद्ध नोअपील का निर्णय लिया जाने पर विधिक राय अनुसार आपको नियुक्ति हेतु पात्र माना है।

अतः चयनित पटवारी अभ्यर्थी श्री बलवीर सिंह मीना को निर्देशित किया जाता है कि इस कार्यालय के आदेश 9120–10415 दिनांक 08.07.2022 के अनुसरण में 2 वर्ष की परिवीक्षाधीन अवधि हेतु नियुक्ति आदेश में 06 माह के प्रशिक्षण हेतु आवंटित अस्थाई पटवार प्रशिक्षण शाला (कार्यालय भू–प्रबन्ध अधिकारी, टोंक) में उपस्थित होकर कार्यग्रहण करें। दिनांक 07.08.2022 तक कार्यग्रहण नही करने की स्थिति में आपके पक्ष में दी गयी नियुक्ति नियमानुसार निरस्त कर राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर को सूचित कर दिया जायेगा।

(राजेन्द्र विजय)
भू–प्रबन्ध आयुक्त राजस्थान
जयपुर।

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रधानाध्यापक, अस्थाई पटवार प्रशिक्षण शाला (भू–प्रबंध अधिकारी, टोंक) को दी जाकर लेख है कि श्री बलवीर सिंह मीना पुत्र श्री कन्हैया लाल मीना को कार्यग्रहण कराये जाने से पूर्व इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 10657–667 दिनांक 15.07.2022 के बिन्दु संख्या 4 को विलोपित करते हुए शेष मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच कर कार्यग्रहण करावें।
2 प्रभारी आई टी शाखा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
3 श्री रवि कान्त जाटव, कनिष्ठ सहायक को दी जाकर लेख है कि नवचयनित पटवारी श्री बलवीर सिंह मीना पुत्र श्री कन्हैया लाल मीना का मूल आवेदन पत्र भू–प्रबन्ध अधिकारी, टोंक को दिनांक 4-8-22 को प्रातः 10 बजे तक आवश्यक रूप से सम्भलाकर प्राप्ति रसीद उपलब्ध करावें।

अति. भू–प्रबन्ध आयुक्त राजस्थान
जयपुर।